संख्या -19/933/63-व0उ0-2016-91(एच)/2015

प्रेषक,

मुकुल सिंहल,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0 कानपुर।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनुभाग — लखनऊ : दिनांक 20 जुलाई, 2016

विषय:- **जनेश्वर मिश्र राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना की धनराशि बढाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0-250/ह0क0-विकास/हथ0पुर0/2015-16 दिनांक 13.05.2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनेश्वर मिश्र राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना की गाइडलाइन्स को अपरिवर्तित रखते हुए वित्तीय वर्ष 2016-17 से जनेश्वर मिश्र राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना अन्तर्गत प्रथम एवं द्वितीय स्तर के पुरस्कार की धनराशि को निम्नानुसार बढ़ाये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

पुरस्कार की श्रेणी	**जनेश्वर मिश्र राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना की धनराशि**
1 पुरस्कार	रू0 1,00,000.00 (रू0 एक लाख मात्र)
II पुरस्कार	रू0 50,000.00 (रू0 पचास हजार मात्र)
III पुरस्कार	रू0 25,000.00 (रू0 पच्चीस हजार मात्र) पूर्ववत

भवदीय,

(मुकुल सिंहल)
प्रमुख सचिव।

संख्या- 933(1)/63-व0उ0-2016, तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को गोपन अनु0-1 के अधासकीय संख्या-4/2/9/2016-सी0एक्स0(1) दिनांक 18 जुलाई, 2016 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- मुख्य सचिव/सह अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
2- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
3- प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-6, उ0प्र0 शासन।
5- नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरिशंकर भट्ट)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-933(2)/63-व0उ0-2016, तद्दिनांक-

प्रतिलिपि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को इस अभ्युक्ति के साथ प्रेषित कि कृपया इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार समस्त समाचार-पत्रों में एवं अन्य प्रचार माध्यमों से करवाने का कष्ट करें।
संलग्नक-यथोक्त।

आज्ञा से,

(हरिशंकर भट्ट)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in